चित्रकूट-पुलिस

(1). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 24.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

(2). आज दिनाँक 24.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

(3). आज दिनाँक 24.05.2025 को प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा बीट प्रणाली का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में पुलिस कार्यालय के चैंबर में थाना/चौकी में तैनात बीट पुलिस अधिकारियों की बीट बुक को चेक किया गया एवं बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस रेगुलेशन के पैरा -63 के अनुसार कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण हेतु पुलिस हल्कों एवं बीट व्यवस्था में दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया तथा बीट अधिकारियों के कर्तव्य एवं अधिकार जैसे ग्राम प्रहरियों का दायित्व,सी-प्लान एप का उपयोग,बीट क्षेत्र में लाइसेन्स धारकों,पासपोर्ट धारकों,सम्भ्रान्त व्यक्तियों के नाम बीट बुक में दर्शाने,थाने पर प्राप्त सभी प्रकार के बीट सम्मन,नोटिस,वारण्ट, प्रार्थना पत्र जांच,चरित्र सत्यापन,विवेचना सम्बन्धित पासपोर्ट,तामिला,क्षेत्रीय त्यौहारों एवं अन्य बीट कार्य के सम्बन्ध में पूंछा गया तथा विस्तृत रूप से बताया गया।

(4). प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी व उनकी टीम द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 23.05.2025 को थाना मारकुण्डी अन्तर्गत एक ग्राम वादिया द्वारा थाना मारकुण्डी में सूचना दिया गया कि अभियुक्त द्वारा वादिया की पुत्री उम्र 09 वर्ष के साथ बलात्कार करना, थप्पड़ से मारना व जान से मारने की धमकी देना। इस सूचना के सम्बन्ध में थाना मारकुण्डी में मु0अ0सं0-28/25 धारा 65(2)/115(2)/351(2) बीएनएस व 5M/6 पॉक्सो एक्ट बनाम अंकित पुत्र उमेश कोल पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त अंकित पुत्र उमेश कोल को सतना मानिकपुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी श्री श्याम प्रताप पटेल
2.आरक्षी लालू यादव
3.आरक्षी सूर्यकान्त यादव
4.चालक मुख्य आरक्षी देवीदीन

(5). आज दिनाँक 24.05.2025 को प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी व थाना भरतकूप में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के अवसर पर आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना दिवस के दौरान थाना कोतवाली कर्वी में 09 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से 01 का निस्तारण व थाना भरतकूप में 04 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 03 का तत्काल निस्तारण करया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार, अपराध निरीक्षक लाखन सिंह उपस्थित रहे।

(6). प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में गल्ला मण्डी तिराहे पर ड्यूटी पर तैनात यातायात आरक्षी अजय यादव को रास्ते में एक मोबाइल मिला। मोबाइल को खोलकर देखा गया तो मोबाइल के कवर में 1050/- नगद रुपये थे। खोए हुए मोबाइल के व्यक्ति से सम्पर्क कर किया गया तो व्यक्ति अपना नाम कमलेश पुत्र कल्लू रैकवार निवासी शंकर बाजार थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट बताया। पूंछताछ कर व्यक्ति को मोबाइल मय 1050/- रूपये नगद वापस किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल और उसमें रखे पैस पाकर व्यक्ति के चेहरे पर लौटी मुस्कान ,चित्रकूट पुलिस को कहा धन्यवाद।

(7). प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री कैलाश नाथ तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त दीपक यादव उर्फ रितिक पुत्र शिवप्रसाद यादव निवासी डिलौरा चौकी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगी:-

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर

01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तारी करने वाली टीम:-

1.उ0नि0 श्री कैलाश नाथ थाना कोत0 कर्वी

2.आरक्षी दुर्गेश कुमार

3.आरक्षी विवेक कुमार

4.चालक आरक्षी विपिन कुमार

(8). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में थानों पर खड़े वाहनों के निस्तारण के रुप में Operation Clean के अन्तर्गत प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी की उपस्थिति में थाना परिसर बहिलपुरवा में खड़े 05 मोटर साइकिल लावारिस/जब्तशुदा की नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी जिसके क्रम में सभी वाहनों का सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी चित्रकूट द्वारा दिनांक 30.04.2025 को मूल्यांकन कराया गया तथा उप जिलाधिकारी मानिकपुर द्वारा अपने पत्रांकः-2060/एसटी एस डी एम-मानिकपुर/2024 दिनांक 15.5.2025 के माध्यम से दिनांक 24.05.2025 नियत की गयी और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित कराते हुए प्रचार प्रसार कराया गया जिसके क्रम में आज दिनांक 24.05.2025 को श्री मनोज कुमार नायब तहसीलदार मानिकपुर की उपस्थिति में नीलामी की कार्यवाही थाना परिसर में शुरू की गयी जिसमें बोली लगाने हेतु उपस्थित 04 व्यक्तियों के सामने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बोली प्रारम्भ की गयी सभी वाहनो की अन्तिम बोली अजय सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह निवासी सपहा थाना कोवताली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा 12000/- रुपये बोली गयी जिसे अन्तिम रुप देते हुए कागजात तैयार कर वाहनों को अंतिम बोली दाता को सुपुर्द कर रूकसत किया गया, इस प्रकार थाना परिसर बहिलपुरवा में खडे 05 वाहनों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण की गयी।